इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए आठ ऑनलाइन कोर्स

- यूटीयू ने इंजीनियरिंग के छात्रों को दी सुविधा
- तीस घंटे की अवधि का होगा ऑनलाइन कोर्स

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) इंजीनियरिंग के छात्रों को और दक्ष बनाने के लिए आठ नए निशुल्क ऑनलाइन कोर्स शुरू करने जा रहा है। इसके लिए विवि और साफ्टवेयर कंपनी सॉफ्टप्रो इंडिया कंप्यूटर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के बीच शुक्रवार को एमओयू हुआ।

कार्यक्रम सभी ब्रांचों के लिए तीस घंटे की अवधि का होगा। इसके लिए फ्री ऑनलाइन कोर्स पोर्टल भी लांच किया गया। पोर्टल के माध्यम से छात्र वेब टेक्नोलॉजी, कोर जावा, पाइथन एप्लीकेशन, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, कैड टूल्स इन मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कैड टूल्स इन सिविल इंजीनियरिंग और प्रोफेशनल कम्यूनिकेशन में पंजीकरण कर इसका लाभ उठा सकते हैं। कुलपति डॉ. ओंकार सिंह ने कहा कि कंपनी के साथ हुई इस साझेदारी के माध्यम से विवि के छात्रों को लाभ मिलेगा। इस दौरान कुलसचिव डॉ. सत्येन्द्र सिंह, वित्त नियंत्रक बिक्रम सिंह जंतवाल, डॉ. मनोज कुमार पांडा आदि मौजूद रहे।